हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

since 1993

अब कोटा क्यों जाए

कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

30 Years Legacy | Expert Faculty | Digital Support | Small Batch Size

One To One Mentoring | Quality Study Material | Regular Test Series | Affordable Fees

25700+ Doctors | 21700+ IITians | 160900+ Engineers

with Trust of More Than 4.50 Lakh Students..

ADMISSIONS OPEN For Session 2024-25

CAREER POINT

BHILAI CENTRE

For Details Call: 90399-57770, 90399-57771 | Mail: bhilai@cpuniverse.in

Add: 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota I 080-40246443 I www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप

### शारदा बनी प्रदेश साहू संघ की उपाध्यक्ष



**अंवरी।** जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू को छग प्रदेश साहू संघ की उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर तहसील साहू समाज भखारा में हर्ष है। पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र से प्रदेश में प्रतिनिधित्व मिलना खुशी की बात है। उनकी नियुक्ति पर आईटीआई प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, कामता साहू तहसील अध्यक्ष भखारा, मीलूराम साहू, दमयंती साहू उपाध्यक्ष, भोलाराम साहू सचिव, परिक्षेत्र अध्यक्षगण होमेंद्र साहू सेमरा, जितेंद्र तेलासी भखारा, नीलमणि साहू कोर्रा, गिरधारी साहू तर्रागोंदी, प्रह्लाद साहू डोमा, रामचंद्र साहू त्रिकुटी धाम कोसमर्रा, विनोद साहू, सोमनाथ साहू, राजू साहू युवा प्रकोष्ठ, इंदु साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, दिनेश महंत, यशवंत साहू, हेमंत साहू, गैंदलाल साहू, पुखराज साहू सहित समाजजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## निधन

### ररहीन बाई साहू



**धमतरी।** ग्राम छुही निवासी श्रीमती ररहीन बाई साहू 107 वर्ष का निधन हो गया। वे ग्राम की सबसे अधिक आयु की महिला थीं। वे ली ला रा म , अंगदराम की मां और धर्मेंद्र, टिकेश्वर की दादी थीं। उनके दाह संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### देवकी बाई साहू



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम खपरी (सिलौटी) निवासी श्रीमती देवकी बाई साहू का स्वर्गवास 3 जनवरी बुधवार को हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। वे नारायण साहू की पत्नी और नूरेन्द, ऋषि, नुमेश कुमार की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### होरीलाल शर्मा



**कुरूद।** कुरूद के प्रतिष्ठित नागरिक होरीलाल शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया गया। वे थानेश्वर शर्मा के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, सुरेश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, अनिल चंद्राकर, कृष्णकांत साहू, अरुण केला, राजू शर्मा, हरीश केला, योगेंद्र सिन्हा, संजय केला, मूलचंद सिन्हा, हरिशंकर सोनवानी सहित राइस मिलर, व्यापारी संघ, प्रेस क्लब, सामाजिक संघ के नागरिक शामिल हुए।

### सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# स्टाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा पहुंची जहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के बीच कमारपारा में रथ का भव्य स्वागत किया गया। शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने स्टाल लगाकर कर जनता की समस्याओं को सुना और उनसे आवेदन लिया। प्रधानमंत्री आवास एवं उज्ज्वला गैस योजना के लिए सर्वाधिक आवेदन आये। वक्ताओं और अतिथियों ने केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में बताया।

इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला एवं बाल विकास जनपद सभापति सुलोचना साहू ने मोदी जी के कार्यों को सराहा। जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी ने अपने उद्बोधन में मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के बारे में बताया जिसके माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों को विभिन्न योजनाओं का शीघ्र लाभ दिया जाना है। भाजपा मंडल महामंत्री राजेश गोसाई ने बताया कि यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में विकास पहुंच रहा है।

कार्यक्रम में जनपद सभापति श्यामंत बिसेन, सरपंच शशि ध्रुव, पूर्व सरपंच सती मरकाम , जन्मेजय साहू, प्रदीप साहू, गिरवर भंडारी, पवन साहू, साधुराम साहू, सुगंध साहू, उपसरपंच पारस साहू, शकुन साहू, भुनेश्वर साहू, डिगु सिन्हा, रविंद्र मरकाम, मिश्रीलाल साहू, जनकराम साहू, राजेंद्र साहू सहित पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिर्री में श्रीमद्भागवत सप्ताह 14 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



झम्मन प्रसाद शास्त्री



रामेश्वर प्रसाद सिन्हा

मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा और द्वारिका प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन 14 से 22 जनवरी तक ग्राम सिर्री के बाजार चौक में किया गया है। आयोजन का यह 13वां वर्ष है।

14 जनवरी को शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें महिलाएं, युवतियां शामिल होंगी। कलश यात्रा पूरे ग्राम का भ्रमण कर वापस कथास्थल पहुंचेगी। श्रीमद्भागवत कथा के व्यास पीठाधीश आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री होंगे जो मानस केसरी पंडित प्रमोद शास्त्री महाराज के अनुज हैं। परायणकर्ता पंडित श्रीकांत पाठक होंगे। वेदी पूजन पंडित गोविंद दुबे करायेंगे। भागवत कथा का रसपान श्रद्धालु सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कर पाएंगे।

श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रद्धालु गौकर्ण माहत्य, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा का श्रवण करेंगे। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण -प्रतिष्ठा के शुभ दिवस पर गीतासार श्रवण, हवन पूजन पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में सिन्हा परिवार, सत्संग समिति सहित अनेक ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मिलता है मोक्ष : संजीव प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



ग्राम डोमा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस आचार्य संजीव प्रसाद तिवारी व ज्योतिषाचार्य सुनील तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार से वेदी पूजन, घट की स्थापना की। बा ल यो गी विष्णु अरोड़ा का माता शीतला प्रांगण से गली भ्रमण के बाद कथा स्थल पर आगमन हुआ। पूजा-अर्चना के बाद व्यासजी महाराज ने प्रथम दिवस का कथा वाचन किया। कथा सुनने के लिए आसपास से सैकड़ों लोग पहुंचे थे।

■ डोमा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी

प्रथम दिवस महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण भक्ति का पुराण है। श्रीमद् भागवत पुराण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि 18 पुराणों में से भागवत पुराण ही सर्वाधिक सुने जाने वाला पुराण है। भागवत पुराण से ही हमें धन ,ऐश्वर्य, सुख , संपदा , शांति और मोक्ष मिलता है इसलिए हमें भागवत कथा सुननी चाहिए। प्रथम दिवस गौकर्ण और धुनकारी कथा के बारे में बताया। कथा सुनने संतराम, खेमू साहू, बीरबल साहू, दिनेश्वरी साहू, पोखरा लाल साहू, किरण साहू, द्वारिका प्रसाद मरकाम, वीणा देवी मरकाम, मोतीलाल मरकाम, निर्मला देवी मरकाम, मदनलाल निर्मलकर, लक्ष्मी निर्मलकर, तिहारू राम यादव, पुष्पा देवी यादव, हेमंत, प्रताप गौतम, अहिल्या देवी गौतम, निश्चल साहू, लीलाराम साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### रुद्री में पूर्व विधायक ने सुनी सतगुरु वाणी, संतों से लिया आशीर्वाद

# गुरु के मार्गदर्शन के बिना सफलता की सीढ़ी चढ़ना आसान नहीं : रंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली पांच शताब्दी महोत्सव के अवसर पर सतगुरु कबीर सत्संग समिति रुद्री द्वारा कबीर सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत दर्शन करने एवं कबीर वाणी का रसपान करने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू पहुंची। उन्होंने सतगुरु संतों से आशीर्वाद लिया और श्रोताओं के साथ संतवाणी सुनी। सत्संग में संतों ने कहा कि कबीर कहते हैं कि बड़ी बड़ी पुस्तकें पढ़कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वार पहुंच गए, पर वे सभी विद्वान न हो सके। यदि कोई प्रेम के केवल ढाई अक्षर अच्छी तरह पढ़ ले, तो वही सच्चा ज्ञानी होगा। कबीरदास जी का कहना है कि लंबे समय तक हाथ में मोती का माला फेरने से कुछ लाभ नहीं होने वाला है। इससे आपके मन के भाव शांत नहीं होंगे। चित्त को शांत रखने और मन को काबू रखने पर ही मन की शीतलता प्राप्त होगी। संत दर्शन एवं कबीर वाणी श्रवण करने के उपरांत श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि जीवन के इस आपाधापी में हर इंसान अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हाथ-पांव मारते हैं, लेकिन किसी भी क्षेत्र में सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ना इतना आसान भी नहीं होता है। उसे गुरु का ज्ञान रूपी आशीर्वाद मिलना आवश्यक है। सत्संग समारोह में समाजसेवी लता अवनेंद्र साहू, सरपंच अनीता यादव सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

# नवागांव कंडेल में विकसित भारत संकल्प शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शुक्रवार को ग्राम नवागांव कंडेल में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन तथा जानकारी दी गई। इस दौरान योजना से लाभार्थी लोगों ने अपना अनुभव शेयर किया। संकल्प यात्रा शिविर के मुख्य अतिथि यतीशभूषण श्रीवास्तव ने शिविर को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उज्वल योजना, पीएम आवास हितग्राही, आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित लोगों ने योजनाओं से मिले लाभ का अनुभव बताया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण तथा बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ।

मौके पर सरपंच गणराज सिन्हा, जनपद सदस्य रामाधार साहू, पूर्व सरपंच धनेन्द्र साहू, डोमेश्वर साहू, कृपाराम साहू, डॉक्टर, पटवारी, जनपद अधिकारी-कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शोक कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सीएम



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के बड़े भाई रामचरण अग्रवाल के निधन पर शोक संतप्त परिवार से मिलने धमतरी पहुंचे। उन्होंने औद्योगिक वार्ड स्थित निवास में शोकाकुल अग्रवाल परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, रायपुर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, सिहावा की पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव, रायपुर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, सन्नी अग्रवाल, निःशक्तजन सलाहकार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन लालवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, आनंद पवार, तारिणी नीलम चंद्राकर, हरमिंदर छाबड़ा, अशरफ रोकड़िया, आलोक जाधव, राजेश ठाकुर, अवैश हाशमी, सूर्याराव पवार, कृष्ण कुमार मरकाम, दीपक सोनकर, आकाश गोलछा, ईश्वर देवांगन, घनश्याम साहू, राजू कस्तवार आदि मौजूद थे ।

## अंचल की खबरें

### कोकड़ी में चला सफाई अभियान





**कुरूद।** कृषि महाविद्यालय चर्रा के राष्ट्रीय सेवा मिशन के तहत ग्राम पंचायत कोकड़ी में कैंप लगाया गया जिसमें गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी और सड़कों की साफ-सफाई की गई। आक्सीजोन में नींबू और कटहल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सरपंच टिकेश साहू, प्राध्यापकगण, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को गैस सिलेंडर का वितरण



**नगरी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायतवार विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लोगों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत उमरगांव में संकल्प यात्रा पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं से रुबरु कराया। कार्यक्रम स्थल में उज्ज्वला योजना क तहत गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना का फार्म भरवाया गया एवं राशनकार्ड संबंधी, आधारकार्ड विभिन्न कार्य किए गए। मौके पर हुमित लिमजा जनपद उपाध्यक्ष, अकबर कश्यप मंडल अध्यक्ष, मनोहर मानिकपुरी महामंत्री, मोहन पुजारी सांसद प्रतिनिधि, सुरेश मरकाम सरपंच, ठाकुरराम, कृष्ण मारकोले, चन्द्रभान यादव, पूनम कश्यप, बेददास मानिकपुरी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

■ उमरगांव पहुंची संकल्प यात्रा, ग्रामीणों को दी केंद्रीय योजनाओं की जानकारी

### मंच से निखरती है प्रतिभा : ओंकार



**धमतरी।** ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी (दे) में डीजे डांस प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष हिरवानी सरपंच पीपरछेड़ी ने की। विशिष्ट अतिथि राजू चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, थानसिंह साहू उप सरपंच, लोकेश्वर यादव, धनेश्वर सिंह, तेमेंद्र देशमुख, नरेंद्र , हेमंत देशमुख, पंकज चंद्राकर, अमित सहायक, पारसमणि साहू, प्रवीण साहू, दिग्विजय सिंह ध्रुव, उमेश साहू, गजेंद्र साहू, हिमांशु साहू थे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि कई हुनरमंद कलाकार हमारे क्षेत्र में हैं। छत्तीसगढ़ी गीत, रीमिक्स सॉन्ग, हिंदी गीत जैसी अनेक विधाओं में अपनी कला दिखाकर नाम रोशन कर रहे हैं। डीजे डांस प्रतियोगिता प्रतिभा निखारने का मंच है। इस दौरान आयोजक समिति सदस्य भूपेंद्र साहू, तोमेश देशमुख, अजय देशमुख, लकी देशमुख, सागर देशमुख ,मानस देशमुख , हिमांशु देशमुख सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ करण सराफ — MD,DM Nephrologist — किडनी रोग विशेषज्ञ — 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133








एसएमसी हॉस्पिटल
अर्जुनी, धमतरी
नवनिर्मित, सर्वसुविधायुक्त, 100 बिस्तरों का हॉस्पिटल
● अनुभवी विशेषज्ञों की टीम ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
संपर्क करें - 77250-01343, 77250-46397
■ जनरल सर्जरी - हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
■ स्त्री रोग - नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, हिस्टेरेक्टॉमी
■ मेडिसिन - शुगर, बीपी, थाइरोइड, अस्थमा
■ शिशु रोग - नवजात से लेकर किशोर बच्चो का इलाज
■ एंडोस्कोपी - पेट, लिवर, पैंक्रियास की बीमारियां
■ लेप्रोस्कोपी सर्जरी - पित्त की थैली की पथरी, ईईजी, टीएमटी, कॉल्पोस्कोपी, ईसीजी, मैमोग्राफी जैसे अत्याधुनिक मशीनों से जाँच एवं इलाज की सुविधा।

डॉ. प्रदीप साहू
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच, शल्यचिकित्सा विशेषज्ञ


## खबर संक्षेप

### सांकरा में मानस सम्मेलन 4 मार्च से

**नगरी।** ग्राम सांकरा में छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय नौ दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन 4 मार्च से 12 मार्च तक किया गया है। इच्छुक मानस मंडली 15 फरवरी तक अपना पंजीयन करा सकती है। आयोजन को सफल बनाने में सुरेश साहू अध्यक्ष, तीरथ साहू कोषाध्यक्ष, नागेन्द्र बोरझा सचिव, गिरवर भंडारी उपाध्यक्ष, राजू पटेल मीडिया प्रभारी समेत अन्य जुटे हुए हैं।

### भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक आज

**नगरी।** अगामी लोकसभा चुनाव 2024 में कार्यकर्याओं में जोश भरने, केन्द्र सरकार की गारंटी योजना के चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा और अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तथा आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में सिहावा विधान सभा की बैठक श्री कर्णेश्वर धाम देउरपारा में रविवार 7 जनवरी को दोपहर 1 बजे से आयोजित है। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा पिंकी शाह , जिला संगठन सह प्रभारी हलधर साहू, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। यह जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक और जिला महामंत्री प्रकाश बैस ने दी है।

### आज बिजली कर्मचारियों का नववर्ष मिलन

**कुरूद।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छग बिजली कर्मचारी संघ महासंघ शाखा धमतरी व कुरुद का नववर्ष पारिवारिक मिलन कार्यक्रम आज पंचवटी कॉलोनी धमतरी में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण देवांगन होंगे। विशिष्ट अतिथि पीआर साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग बिजली कर्मचारी संघ महासंघ धमतरी के अध्यक्ष लालजी साहू करेंगे। कार्यक्रम में संघटनात्मक गतिविधियों के अतिरिक्त महिलाओं एवं बच्चों के लिए कई मनोरंजनात्मक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में संभागीय सचिव पीयूष सिन्हा, कोषाध्यक्ष लालाराम साहू, उपाध्यक्ष रमाकांत साहू, रामाधर नेताम, नम्रता जाचक, खम्मन साहू, नंदकुमार डहरिया, टीकाराम निषाद, बीएल निर्मलकर, संतोष कश्यप, तेजेंद्र सिन्हा, श्रीकांत वेरुलकर, पुनेश्वर दीवान, सुरेंद्र ध्रुव मौजूद रहेंगे।

### महिला को हंसिया से मारने की धमकी

■ बेलोरा की घटना, युवक शराब के नशे में पीड़िता के घर पहुंचा था

**मगरलोड।** ब्लॉक मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर ग्राम बेलोरा में आए दिन आपराधिक घटना से ग्रामीण दहशत में हैं। गांव के युवा नशे में आपराधिक कृत्य करने पर उतारू हो रहे हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जनवरी शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे बेलोरा निवासी चेतन ध्रुव शराब के नशे में लड़खड़ाते हुए हाथ में हंसिया लेकर गाली-गलौज करते हुए वासुदेव मंडावी के घर जबरन प्रवेश कर उनकी पत्नी देलेश्वरी मंडावी के गले को पकड़कर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में बीच-बचाव करने आए उनके चाचा प्यारेलाल मंडावी, वासुदेव मंडावी के सीने में चोट आई है। प्रार्थी ने दूसरे दिन 6 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

समर्थन मूल्य पर धान की कीमत 3100 रुपए होने का असर

# चावल के दाम में पंद्रह फीसदी का इजाफा

## 4800 रुपए में मिलने वाला एचएमटी चावल 5700 रुपये पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद चावल के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। मीडियम रेंज के चावल सांभा, एचएमटी, श्रीराम में करीब 15 फीसदी का उछाल आ गया है। चावल के दाम बढ़ने की वजह से सरकारी धान खरीदी 3100 रुपए क्विंटल को बताया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन सभी वर्ग के लोगों को मुफ्त तथा सस्ता चावल उपलब्ध करा रहा है। जिले में 2 लाख 14 हजार 530 बीपीएल कार्ड हैं। बीपीएल कार्डधारी मुफ्त राशन योजना का लाभ ले रहे हैं। वहीं सामान्य राशन कार्ड की संख्या 26157 हैं, जिसे 10 रुपए किलो में चावल दिया जा रहा है। कई ऐसे सामान्य तथा बीपीएल परिवार हैं जिन्हें सरकारी राशन दुकानों का चावल रास नहीं आता और राशन दुकान का चावल बेचकर मार्केट में पतला चावल खरीदते हैं। महज दो माह में चावल का दाम 15 प्रतिशत बढ़ने से पतला चावल खरीदने वालों को ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ रही है।

रत्नाबांधा रोड स्थित अंदानी ट्रेडर्स के संचालक ने बताया कि विधानसभा चुनाव में प्रमुख पार्टी द्वारा धान का समर्थन मूल्य 3100 तथा 3200 रुपए करने की घोषणा किए जाने के बाद बाजार में मीडियम चावल के दाम धीरे-धीरे बढ़ने लगे। महज दो माह में इसके दाम में 15 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई है। बताया गया है कि मीडियम रेंज के सांभा-मासुरी का चावल दो माह पहले 3800 से 4000 रुपए क्विंटल था। वर्तमान में यह 4500 से 4700 रुपए हो गया है। एचएमटी चावल 4800 से 5000 रुपए क्विंटल था जो अब बढ़कर 5500 से 5700 रुपए हो गया है। श्रीराम चावल का दाम पहले 5800 से 6000 रुपये था, वह अब 6500 से 6800 रुपए पहुंच गया है। मीडियम रेंज के सभी चावल में 12 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है।



### दाल हुई सस्ती

दुर्गा प्रोविजन स्टोर्स के संचालक श्री वाधवानी ने बताया कि दालों के दाम में गिरावट आई है। राहर दाल 180 रुपए से घटकर 150 रुपए हो गई है। उड़द दाल 120 रुपए किलो थी, वह 110 रुपए में उपलब्ध है। चना दाल में भी गिरावट आई है। चना दाल 85 रुपए से घटकर 75 रुपए हो गई है।

### खंडा चावल 34 रुपए किलो

निजी चावल दुकान में खंडा चावल खरीदने पहुंची सोमती यादव बताती हैं कि राशन दुकान से मिलने वाले चावल को घर के बुजुर्ग खाना नहीं चाहते, खाने से उन्हें डायजेस्ट की शिकायत बनी रहती है। इस कारण राशनकार्ड से मिलने वाले चावल को चावल दुकानों में बेचकर खंडा चावल खरीदते हैं। माहभर पहले उन्होंने 27 रुपए किलो में खंडा चावल खरीदा था, अब वही खंडा चावल की कीमत 34 रुपए किलो हो गई है।

### सुगंधित चावल की कीमत यथावत

चावल व्यवसायी योगेश कुमार ने बताया कि महंगे चावल के दाम यथावत हैं। बासमती चावल पूर्व में 100 रुपए किलो था , वह अब भी 100 रुपए किलो है। इसी तरह जवांफूल 75 से 80 रुपए, दुबराज 70 से 75 रुपए किलो बिक रहा है। महंगे एवं सुगंधित चावल की कीमत यथावत बनी हुई है।

# बिजली कटौती से उड़ी किसानों की नींद

■ रबी सीजन में किसानों ने बड़े रकबे में लगाई है धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान लगाने वाले किसानों की चिंता बढ़ गई है। शुरूआती दौर में ही जमकर बिजली कटौती की जा रही है। स्थिति यह है कि थरहा तैयार है लेकिन मोटरपंप बंद रहने से खेतों में पानी नहीं पल पा रहा है।

इस साल धान की फसल के लिए नहर से पानी नहीं दिया जा रहा है। इसके बाद भी किसानों ने बड़े रकबे में धान की फसल लगाई है। इन खेतों में मोटरपंपों से सिंचाई होती है। किसानों को उम्मीद थी कि उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा लेकिन रबी सीजन के प्रारंभिक चरण में विद्युत विभाग ने अपनी मंशा बता दी है। गांवों में लगातार बिजली कटौती की जा रही है। इससे रबी सीजन में धान की फसल लगाने की तैयारी में जुटे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान महेश मेश्राम ने बताया कि वे लाइचोपी पद्धति से धान बोने की तैयारी कर रहे हैं। पिछले तीन दिन से ढंग से बिजली नहीं मिली है, जिससे खेत सूखे पड़े हैं। पंप को आटोमेटिक मोड में डालकर रखे हैं, इसके लिए बाद भी जुताई के लायक पानी नहीं भर पाया है। यही स्थिति रही तो वे फसल की बोनी में पिछड़ जाएंगे, जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



### मेंटनेंस के नाम पर अघोषित कटौती

ग्राम भानपुरी के किसान राममिलन साहू, खपरी के किसान हेमाराम साहू ने बताया कि रोज शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक पंप लाइन बंद रहती है। इसके अतिरिक्त मेंटनेंस के नाम पर अघोषित बिजली की कटौती की जा रही है। विद्युत विभाग द्वारा बिना सूचना के कभी भी लाइन बंद कर दी जाती है। घंटों तक लाइन बंद रहती है। गुरुवार तो दिनभर लाइन बंद रही। शुक्रवार, शनिवार को लाइन आती-जाती रही। शनिवार को रात में बिजली बंद कर दी गई, जो सुबह तक बंद रही।

### होगी परेशानी

किसानों ने बताया कि धान की खेती में समय का काफी महत्व होता है। यदि वे रोपाई में पीछे होते हैं तो उत्पादन भी कम होगा। इसके अतिरिक्त फसल भी विलंब से आएगी। जुलाई के बाद मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो जाता है। यदि विलंब से फसल आती है तो उन्हें बारिश का सामना करना पड़ सकता है। किसानों को डर है कि यदि गर्मी के मौसम में भी इसी प्रकार कटौती जारी रही तो धान की फसल को काफी नुकसान होगा।

# नगरी सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक ने भी दम तोड़ा

■ एक युवक की मौके पर मौत हो गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सप्ताह भर पहले नगरी में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई थी। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। घायल युवक ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

उल्लेखनीय है कि सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम कोंगेरा-बिरगुड़ी निवासी श्रवण नेताम की जल्द ही शादी होने वाली थी। शादी की तैयारी के सिलसिले में श्रवण नेताम, सराधुराम नेताम पिता सुकलाल उम्र 25 वर्ष के साथ सामान की खरीदारी करने 29 दिसम्बर को नगरी गया था, जहां सामान खरीदकर दोनों मोटरसाइकिल से वापस अपने घर ग्राम कोंगेरा लौट रहे थे। इसी दौरान पूर्व विधायक के निवास के सामने तेज रफ्तार ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में श्रवण नेताम की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं सराधु गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे धमतरी रिफर कर दिया। परिजन घायल को ओजस्वी नर्सिंग होम में भर्ती कराकर उपचार करा रहे थे लेकिन हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण सराधु नेताम की अस्पताल में शनिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। ट्रेक्टर को ग्राम छिपली का बताया गया है जिसे नगरी पुलिस ने जब्त कर लिया है।



# आग सेंक रहे बुजुर्ग दंपति पर युवक ने किया टंगिया से हमला

■ जिला अस्पताल में भर्ती, पति की हालत गंभीर

■ साल्हेभाट की घटना, इलाके में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खाना बनाकर चूल्हे में आग सेंक रहे बुजुर्ग दंपति पर टंगिया से हमला कर दिया। इस घटना में वृद्ध के सिर पर गंभीर चोट आई है। वहीं वृद्धा भी घायल हुई है।

घायल वृद्धा व परिजनों के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम साल्हेभाट निवासी बुदेसिंग कावड़े पिता हलालखोर उम्र 65 वर्ष अपनी पत्नी सुशीला कावड़े उम्र 60 वर्ष के साथ रहता है। उनकी तीन बेटियां हैं जो शादी के बाद अपने-अपने ससुराल चली गई हैं। बेटियों के ससुराल चले जाने के बाद व बेटा नहीं होने से वृद्ध दंपति घर पर अकेला रहता है। दंपति रोजी-मजदूरी कर जीवनयापन करता है। रोजाना की तरह शुक्रवार की शाम वृद्धा ने घर पर चूल्हा जलाकर भोजन बनाया। खाना बनने के बाद दोनों चूल्हा के पास बैठकर आग सेंक रहे थे। इसी दौरान पड़ोस का रतीराम कमार शराब सेवन कर तथा हाथ में टंगिया लेकर गाली-गलौज करते हुये गली में घूम रहा था। कुछ देर बाहर में चिल्लाने के बाद रतिराम टंगिया लेकर वृद्ध दंपति के घर में घुस गया। नशे में धुत रतिराम चूल्हे के पास बैठे वृद्ध से गाली-गलौज करने लगा। वृद्ध द्वारा गालियां देने से मना करने पर रतिराम आवेश में आ गया। हाथ में रखे टंगिया से वृद्ध के सिर पर दो बार हमला किया। तीसरा हमला वृद्ध के गले में किया लेकिन वह वार चूक गया। पति को मारते देख वहीं पर बैठी वृद्धा बीच-बचाव करने लगी लेकिन रतिराम का गुस्सा सिर चढ़कर बोल रहा था। रतिराम ने वृद्धा पर भी टंगिया से हमला कर दिया। इस हमले में वृद्ध का सिर फट गया। लहूलुहान होकर वृद्ध जमीन पर गिर गया। वहीं वृद्धा का गाल कट गया। वृद्ध दंपति पर हमला करने के बाद आरोपी वहां से चला गया। संजीवनी 108 की मदद से रात्रि में ही घायल दंपति को उपचार के लिये नगरी अस्पताल लाया गया। वृद्ध की गंभीर हालत को देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। यहां घायल दंपति का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल वृद्ध को वार्ड में भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है।



# आदिवासी कमार की लाश सागौन नर्सरी में मिली

■ जंगली जानवरों द्वारा शिकार किए जाने की आंशका

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम बेलोरा के जलाशय के ऊपर सागौन नर्सरी में 16 दिन से लापता आदिवासी कमार की लाश मिली। आंशका जताई जा रही है कि जंगली जानवरों ने उसका शिकार किया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

थाना से मिली जानकारी अनुसार 20 दिसंबर 2023 को नेतराम कमार पिता महेत्तर राम कमार उम्र 56 वर्ष बेलोरा कमारपारा की पत्नी जमुना बाई अपने पिता की मृत्यु पर नहावन कार्यक्रम पर परसाबुड़ा गई थी। घर पर उसका बेटा भानुप्रताप कमार व नेतराम कमार मौजूद थे। उसी दिन नेतराम सुबह 10-11 बजे घर से झोला, टंगिया लेकर निकला हुआ था। 5 जनवरी को बेलोरा जलाशय के उपर सागौन नर्सरी में एक अज्ञात पुरुष की लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। कमारपारा मोहल्ले में पता किया तो नेतराम मोहल्ला में नहीं था। उसके लड़के भानुप्रताप कमार ने अपने नाना के घर परसाबुड़ा जाकर अपने पिता के बारे में पता किया तो यहां नहीं आना बताया। जंगल में टंगिया, झोला एवं पहने हुए कपड़े से नेतराम कमार की पहचान हुई।



ग्राम पंचायत बेलोरा के पंच रोहित यादव ने बताया कि घटना स्थल से 10 फीट तक शव के घसीटने के निशान हैं। आशंका जताई जा रही है कि आदिवासी कमार का किसी जंगली जानवरों ने शिकार किया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा, पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

### पेंशन की शर्तों में संशोधन की मांग



**धमतरी।** छग समाज कल्याण विभाग दवारा 21 प्रकार के दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न प्रकार की पेंशन स्वीकृत की जाती है। शिक्षिक घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि वर्तमान में पेंशन राशि के लिए 2002 का गरीबी रेखा कार्ड एवं 80 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया है, जिसमें बहुत से दिव्यांग साथी इन शर्तों के अंतर्गत नहीं आते और पेंशन के लिए कार्यालय का चक्कर लगाते रहते हैं। छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित ने राज्य शासन को इन शर्तों में संशोधन की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

अभाविप के नेतृत्व में पॉलीटेक्निक कॉलेज में किया प्रदर्शन

# परीक्षा फीस पांच गुना बढ़ी, छात्रों ने जलाया कुलपति का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फीस में वृद्धि का विरोध करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलपति का पुतला दहन किया। छात्रों ने फीस में बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग भी की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनरतले बड़ी संख्या में छात्र शनिवार को शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज रूद्री पहुंचे। यहां पर नारेबाजी करते हुए उन्होंने सीएसवीटीयू के कुलपति का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन अभाविप के जिला संयोजक गजेंद्र जांगड़े के नेतृत्व में पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों व अन्य कॉलेज के छात्रों द्वारा किया गया। जिला संयोजक श्री जांगड़े ने कहा कि सीएसवीटीयू यूनिवर्सिटी की मनमानी बर्दाश्त योग्य नहीं है। फीस वृद्धि से गरीब छात्रों का पढ़ना मुश्किल हो गया है। पालीटेक्निक कॉलेज के छात्रों का कहना है कि प्रत्येक सेमेस्टर की फीस में वृद्धि होती है। इस बार यूनिवर्सिटी ने परीक्षा शुल्क में पांच गुना वृद्धि कर दी है। इससे छात्र-छात्राओं में आक्रोश है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थी ग्रामीण एवं सामान्य परिवार से हैं। फीस में बढ़ोतरी से उन्हें समस्याओं का सामना कराना पड़ रहा है। उन्होंने फीस वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। फीस वृद्धि वापस नहीं लिए जाने पर विद्याथी उग्र आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में दुर्गेश सिन्हा, हितेश घृतलहरे, किशन मीनपाल, जीवराखन, गजेंद्र, मुकुंद, रोहिणी, कल्पना, दिव्या, भूमिका, रुद्राणी, अमन, सुशांत सहित अन्य विद्यार्थी शामिल थे।




हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## अंचल की खबरें

### जिले के विकास को लेकर कलेक्टर से चर्चा




**धमतरी।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी से विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कलेक्टर कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और जिले के विकास को लेकर चर्चा की।

### बिरेतरा संकुल केंद्र के तीन शिक्षकों को विधायक ने किया सम्मानित



**धमतरी।** बिरेतरा संकुल में पदस्थ तीन शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए विधायक ओंकार साहू ने सम्मानित किया। विधायक ओंकार साहू ने शासकीय उमावि बिरेतरा के प्राचार्य गेवाराम नेताम, व्याख्याता रोहित साहू व प्राथमिक शाला धौराभाठा के प्रधान पाठक लीलाराम साहू को नववर्ष पर श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। संकुल केंद्र से तीन शिक्षकों को विधायक द्वारा सम्मानित किए जाने पर शिक्षा जगत ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### दर्री में शिवमहापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु





**धमतरी।** गौरीशंकर महिला मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम दर्री में शिव महापुराण कथा आयोजन 2 से 8 जनवरी तक किया गया है। कथावाचवक पंडित विष्णुप्रसाद दुबे, भानुप्रताप तिवारी बागबाहरा, कुलेश्वर दुबे, पूजा, ललित शुक्ला दर्री हैं। कथा के चतुर्थ दिवस सती चरित्र, पार्वती जन्म एवं जन्म उत्सव की कथा हुई। कथा का श्रवण करने दयाराम साहू महामंत्री प्रदेश साहू संघ छग, टोपेश्वर राम साहू, चोखेलाल, पं. विशु चक्रधारी, कांशी राम, शेखन उपसरपंच, श्रीमती रेवती कुंभकार, श्रीमती सविता साहू, तीजिया कुम्भकार, दीपा कुम्भकार, दुलेश्वरी साहू, रीना मानिकपुरी, पेमिन मानिकपुरी, सेवती साहू, धनेश्वरी चक्रधारी, अंजनी कुंभकार, परमेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, अमरीका सोरी, टिकेश्वरी साहू, शैलेंद्री चक्रधारी, डामेश्वरी साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रों को दिए टिप्स



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वाणिज्य विभाग द्वारा परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रो.आरआर मेहरा के निर्देशन में हुआ। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार देवांगन ने परीक्षा मार्गदर्शिका का पेपर पैटर्न नई शिक्षा नीति के अनुसार, पेपर पैटर्न में परिवर्तन व अंक वितरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्र–छात्राओं को दी। डॉ. दीपा देवांगन ने बताया कि परीक्षा में तैयारी के साथ स्वास्थ्य को हम कैसे बेहतर रख सकते हैं। प्रो. मोहित कुर्रे ने बताया कि परीक्षा को तनाव का विषय न बनाकर नया कुछ करने के बारे में सोचे। हिन्दी व्याख्याता डॉ. गायत्री साहू एवं कु. ओमीन निषाद ने हिन्दी विषय में मात्राओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने भी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन हेतु विभिन्न जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से दूर किया। इस दौरान प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. कौशल नायक ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की

# कम वसूली पर सहायक राजस्व निरीक्षकों की रूकेगी वेतन वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने निगम के सभागार में बैठक आयोजित कर राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की। निगमायुक्त ने वार्डवार राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने तथा आगे वसूली में प्रगति नहीं दिखने पर वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश देते हुए जमकर फटकार लगाई। उपायुक्त एवं प्रभारी राजस्व विभाग पीसी सार्वा को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के मंशानुसार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली सुनिश्चित करवाएं। राजस्व वसूली कार्य की प्रति दिवस समीक्षा करें ताकि शत- प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।



### कर नहीं पटाने पर करें कुर्की की कार्रवाई

उन्होंने सहायक राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि अपने -अपने अपने वार्डों में जाकर प्रतिदिन वसूली करें। वसूली की प्रगति की जानकारी से राजस्व अधिकारी को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारों को राजस्व कर जमा करने के लिए नोटिस जारी करें। इसके बावजूद भी कर नहीं पटाया जाता है तो उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई करें।

### निगम की आय बढ़ाने वसूली की जाए

उन्होंने निर्देश दिया कि सम्पत्ति कर दुकान किराया, जलकर, भू-भाटक सहित बिना गुमास्ता, ट्रेड लाइसेंस से संचालित दुकानों की जांच कर लाइसेंस बनवाने एवं निगम के अन्य करों की निर्धारित समय सीमा में शत- प्रतिशत वसूली की जाए ताकि निगम की आय में वृद्धि हो सके। बैठक में उपायुक्त एवं राजस्व अधिकारी पीसी सार्वा सहित राजस्व विभाग का अमला उपस्थित रहा। आयुक्त विनय कुमार ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपना कर जल्द से जल्द निगम कोष में जमा करवाएं जिसे वे आगे होने वाली कार्रवाई से बच सके।

## नवनिर्मित मंदिर में 22 को होगी भगवान गणेश की प्राण-प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गणेश चौक स्थित मंदिर में वर्षों से गणेश जी विराजित थे। भक्तों ने इस पुराने मंदिर का नवनिर्माण कराया। मंदिर सज-धजकर तैयार हो गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला विराजमान होंगे, उसी दिन नवनिर्मित भव्य श्री गणेश मंदिर में लंबोदर महाराज पुनः स्थापित किए जाएंगे।

श्री गणेश मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, त्रिमूर्ति स्थापना महोत्सव 20 जनवरी से प्रारंभ हो जाएगा। प्रथम दिवस 20 जनवरी को पंचांग पूजन और भव्य शोभायात्रा दोपहर 2 बजे घड़ी चौक से मंदिर स्थल तक निकलेगी। 21 जनवरी को देव स्थापना पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, शैयाधिवास प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। 22 जनवरी को देव शिखर प्राण प्रतिष्ठा, हवन यज्ञ पूर्णाहुति अभिजीत मुहूर्त में आचार्य पं. महेश शास्त्री द्वारा कराई जाएगी। प्राण-प्रतिष्ठा पश्चात 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी भंडारा का वितरण होगा। शाम 7 बजे से भजन संध्या रखी गई है। श्री गणेश मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मंदिर समिति और अखण्ड भारत दुर्गा उत्सव समिति गणेश चौक के भक्त जुटे हुए हैं। समिति के सदस्यों ने नगरवासियों से इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है।

### जीजामगांव में रामायण सम्मेलन 2 फरवरी से



**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में 2 से 4 फरवरी तक रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 5 फरवरी सोमवार को मड़ई होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद पद्मश्री अवार्ड की प्रस्तुति होगी। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन 8 से 10 बजे रात तक स्कूली छात्र-छात्राओं का संगीत कार्यक्रम होगा। रामायण मंडली के लिए प्रवेश शुल्क 151 रुपए है। मंच संचालक दीनूदास बघेल, रोशन ठेला, संतराम साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष संतराम साहू, कोषाध्यक्ष देवचरण चंद्राकर, उपाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव अशोक साहू सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

## कहानीकार चंद्रहास सुरता कार्यक्रम में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



विगत दिनों राजधानी रायपुर में स्मृति शेष यशस्वी साहित्यकार मेहतरलाल साहू 'गुरुजी' के सुरता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी कहानी के कहानीकार चंद्रहास साहू को डॉ प्रभंजन शास्त्री सुरता सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। डॉ. बिहारीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य एवं भाषाविद् डॉ. चितरंजन कर की अध्यक्षता में आयोजित इस सुरता कार्यक्रम में मेहतरलाल साहू के छत्तीसगढ़ी साहित्य में योगदान को स्मरण किया गया। उनकी काव्य संग्रह 'कउँआ लेगे कान ल' तथा ख्यातिलब्ध व्यंग्यकार वीरेन्द्र सरल द्वारा रचित लोक कथा संग्रह ठग अउ जग का विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व चन्द्रहास साहू को उनके साहित्यिक अवदान के लिए ललित कला अकादमी भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा साहित्य पुरोधा सम्मान, प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर द्वारा केयूर भूषण सम्मान एवं अगास दीया प्रेमचंद सम्मान भिलाई तथा धमतरी की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। इनकी रचनाएं आकाशवाणी केंद्र रायपुर तथा जगदलपुर से प्रसारित एवं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती हैं। अब तक तीन छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह तिरबेनी, तुतारी एवं करिया अंगरेज का प्रकाशन हो चुका है जो अमेजॉन तथा फ्लिपकार्ट में विक्रय हेतु उपलब्ध है।

राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में देवधर महंत, रामेश्वर शर्मा, पद्मश्री अनूप रंजन, अरुण कुमार निगम, अमित मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, कुबेर साहू डॉ. रामकुमार साहू मयारू, पोखनलाल जायसवाल, दीपक तिवारी, डुमनलाल ध्रुव, मिनेश साहू, धनराज साहू, अजय अमृतांशु, नरेन्द्र वर्मा सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे। सम्मानित होने पर धमतरी साहित्य परिवार की ओर से सुरजीत नवदीप, डॉ सरिता दोशी, आकाश गिरी गोस्वामी, भोलाराम सिन्हा, डॉ शैल चन्द्रा, राजकुमार सिन्हा, चोवाराम गंजीर, यशवंत गंजीर, हिरामन साहू, तोरणलाल साहू तथा ईष्ट मित्रों सहित स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## पोस्टर फाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित पोस्टर फाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

पुलिस चौकी बिरेझर में आवेदन देते हुए राकेश साहू अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा बूथ क्रमांक 17, रामकुमार साहू अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा बूथ क्रमांक 18, डीहूराम साहू, टुमन साहू ग्राम मुरा ने बताया कि 6 जनवरी को सुबह कोई अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम मुरा में लगे प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित पोस्टर को फाड़कर फेंक दिया है।

उन्होंने आगे बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का फ्लैक्स लगाया गया था जिसे अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा फाड़कर फेंक दिया गया है। इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो। आवेदन की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## चावल की चोरी करते पकड़ाया शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



वनांचल के ग्राम खल्लारी में एक शिक्षक चावल चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया। सरपंच ने इस मामले को ग्रामसभा के समक्ष रखा, जहां पर शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्रवाई के लिए कलेक्टर को आवेदन पत्र भी दिया गया है। मामला रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र के ग्राम पंचायत खल्लारी का है। यहां पर लंबे समय से माध्यमिक स्कूल के एक शिक्षक द्वारा चावल चोरी किए जाने की शिकायत मिल रही थी। शिक्षक स्कूल में मध्यान्ह भोजन के लिए आए चावल को अपने घर में खाने के लिए ले जाता था। इस चावल को केवल वह नहीं पूरा परिवार खाता था। शिकायत पर सरपंच तुलाराम नेताम और उपसरपंच महादेव मरकाम ने निगरानी की और शिक्षक को चावल चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा। शिक्षक अपनी मोटरसाइकिल पर एक कट्टा चावल ले जा रहा था। चोरी पकड़े जाने के बाद इस मामले को 6 जनवरी को ग्रामसभा के समक्ष रखा गया। जहां पर शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामसभा के दौरान पंच रूपसिंग मरई, लक्ष्मीनाथ, हेमकृष्ण, दिनेशकुमार, उर्मिलाबाई, शांतिबाई, श्रीमती तुलाबती, सुगनबाई, गंगाबाई, श्रीमती लच्छन्तीन, श्रीमती अगरदेवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम पटेल संघ के बलराम अध्यक्ष बने

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पटेल संघ का चुनाव भखारा में हुआ। अध्यक्ष बलराम साहू सुपेला, सचिव घनाराम साहू कचना, कोषाध्यक्ष गुरुदयाल साहू भेंडरवानी, उपाध्यक्ष शंभू चंद्राकर सेनचुआ, सहसचिव श्याम सुंदर जुगदेही, संगठन मंत्री रोशन सिंह सिलघट, प्रचार मंत्री बिसौहा साहू बागतराई, संरक्षक गणेशराम, शिवप्रसाद, जगदीश कमड़े बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में जीवनलाल, भागवत चंद्राकर, सुनीति बाई, शंकरलाल, खेमलाल, नंदलाल, रामसेवक कंवर शामिल हैं। यह जानकारी सेवक राम कंवर भखारा ने दी है।

## खेल से शारीरिक व मानसिक विकास : डॉ. जायसवाल

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व क्रीड़ा प्रभारी अंकित बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन एवं डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिन्दी, तरूण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक भूगोल, डिगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल व अतिथि सहयक प्राध्यापकों के सहयोग से त्रिदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने कहा कि जीवन में खेलों का बहुत बड़ा योगदान है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता ही है। व्यक्तित्व विकास में भी खेल का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## शहर सहित गांव होने लगा राममय

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के शहर तथा गांव राममय होने लगा है। जगह-जगह मंदिरों में हनुमान चालीसा, रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समिति, विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा भाजपा कार्यकर्ता हर घर पहुंचकर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम का न्योता दे रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के दिलीपराज सोनी, नगर संयोजक विनय जैन ने बताया कि 22 जनवरी को जिले में दीपावली मनाई जाएगी। शहर सहित प्रत्येक गांव के मंदिरों में रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा है। हर रोज कार्यकर्ता लेकर निमंत्रण के लिए घर-घर पहुंच रहे हैं। निमंत्रण के साथ फोटो पत्रक एवं पीला अक्षत दिया जा रहा है। 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम दीपक जलाने, तोरण पताका लगाने तथा दीपावली उत्सव मनाने का संदेश दिया जा रहा है।

### घर-घर निमंत्रण देने पहुंच रहे कार्यकर्ता




### मकई चौक में गंगा आरती, पहुंचेंगे बनारस के पंडित

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या प्रतिष्ठा महोत्सव समिति से मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी की शाम 6 बजे मकई चौक में भव्य गंगा आरती होगी। गंगा आरती के लिए बनारस से 11 पंडित विशेष रूप से पहुंचेंगे।

## स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया स्पर्धा में केवि धमतरी की छात्राओं ने रचा इतिहास

# राइफल शूटिंग में स्वास्तिका काजल, नेहा ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए केंद्रीय विद्यालय धमतरी की राइफल शूटिंग टीम ने 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक भोपाल में आयोजित 67वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत तथा दो कांस्य पदक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

देश की सर्वोच्च खेल प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया में शूटिंग के लगभग 1500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय विद्यालय धमतरी की शूटिंग खिलाड़ी छात्रा स्वास्तिका सिंह ने कठिन प्रतिस्पर्धा 10 मी ओपन साईट एयर राइफल अंडर 19 बालिका वर्ग में उच्चतम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक पर निशाना साध इतिहास रच दिया। टीम इवेंट में विद्यालय की काजल साहू के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए इस जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतिभाशाली खिलाड़ी नेहा मांडवी ने 10 मी ओपन साइट एयर राइफल अंडर 14 बालिका वर्ग में रजत पदक पर निशाना साधा। ज्ञात हो केंद्रीय विद्यालय संगठन के लिए स्वस्तिका सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है जो विद्यालय के साथ छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर स्कूल में सम्मान समारोह रखा गया। प्राचार्य ने उनके पालकों तथा विजेता खिलाड़ियों को फूलमालाओं से सम्मानित किया।

खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर केवीएस संभागायुक्त विनोद पाण्डेय, सहायक आयुक्त विवेक चौहान, रविंद्र कुमार, प्राचार्य गिरीश बाबु कस्तवार, वरिष्ठ शिक्षक पीएल साहू, एसके गिरी, डीआर साहू, एसके देवांगन, द्रोण मरकाम तथा खेल शिक्षक एसके पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त कर उज्वल भविष्य की कामना की है।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com